हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 कलेक्टर ने प्राप्त शिकायत पर दो दिन में कराया...



05 विकास ऐसा की सड़कें नालियां बनी, पानी ...



### कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों पर व्यापक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए

# 12 घंटे में 5.1 मिमी पानी, 4.9 डिसे गिरा दिन का पारा, 6 तक ऐसा ही मौसम

गुरूवार की सुबह से ही मौसम का अलग ही अंदाज देखने को मिला। कोहरे की चादर में दिन रहा तो कभी हल्की तो कभी तेज बारिश ने लोगों को कंपकंपाया। जिससे आमजनों की दिनचर्या पर असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार 6 जनवरी तक ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार हैं। खरीदी केन्द्रों पर बारिश से नुकसान की आशंका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जारी हुआ बारिश का दौर गुरूवार तक प्रभावशील रहा। इस दौरान बीते 12 घंटे में 5.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई। गुरूवार का पूरा दिन कोहरे की धुंध में समाया रहा जिसके कारण अधिकतम तापमान में 4.9 डिसे की गिरावट के बाद पारा 20.4 डिसे पर जाकर ठहरा। ऐसे में दिन और रात के तापमान में केवल 3 डिसे का अंतर होने से तेज ठंड का एहसास हुआ। बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात न्यूनतम पारे में मामूली बढ़त आई ओर पारा 17.4 डिसे दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 6 जनवरी तक ऐसा ही मौसम रहेगा। जिसके कारण दिन के तापमान में गिरावट आएगी। वहीं 6 जनवरी के बाद मौसम साफ होते ही न्यूनतम पारे में गिरावट दर्ज होगी। ऐसे में जिले में तेज ठंड का दौर शुरू हो गया है।

### 6 जनवरी तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि अभी 6 जनवरी तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा और हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। जिसके कारण दिन तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढ़ोतरी बनी रहेगी। 6 जनवरी के बाद मौसम में फिर बदलाव होगा व रात के तापमान में भी गिरावट आएगी। उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन का अहसास भी होगा। मौसम का मिजाज बिगड़ने से सर्दी-खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई। ऐसे में सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की सलाह दी है।



### 24 घंटे में गिरा 4.9 डिसे दिन का तापमान

गुरूवार की सुबह सर्द ओर कोहरे के आगोश में हुई। जिसके कारण एक ही दिन में अधिकतम तापमान में 4.9 डिसे की कमी आई है। ऐसे में दिन का पारा जनवरी में पहली बार 20.4 डिसे रहा। धूप नहीं निकलने के कारण ठिठुरन और बढ़ गई। वहीं दिनभर धुंध छाने और रूक-रूककर दो से तीन बार हल्की बारिश होने से आमजन जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। कोहरे कारण दृश्यता भी 200 मीटर से 500 मीटर रही।

### नर्मदापुरम में 12 घंटे में गिरा 5.1 मिलीमीटर पानी



बुधवार शाम से ही बादल छाए व कोहरा गहराने लगा था। इसी दौरान रात 9 बजे बारिश दर्ज हुई। जो गुरूवार को भी रूकरूक कर होती रही। इस दौरान गुरूवार सुबह से शाम तक नर्मदापुरम में 5.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह बारिश पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से हो रही है। बारिश के साथ ही उत्तर से आ रही सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। जिसके कारण लोग दिन में भी अलाव का सहारा लेते नजर आए।

### सुरक्षा प्रबंध प्रबंधन करने के निर्देश



कलेक्टर सोनिया मीना ने बारिश को ध्यान में रखते हुए खरीदी केंद्रो पर धान की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा ने बताया कि गोदाम स्तरीय केंद्रों के अतिरिक्त विशेषकर बनखेड़ी और पिपरिया में स्थित ऐसे केंद्र जो खुले में है। वहां ट्रक वाहनों की संख्या बढ़कर खुले में रखी स्कंध को गोदाम में रखे जाने और मिलिंग के लिए भेजने की कार्यवाही की गई है। ऐसे प्रत्येक केंद्रों पर 10 से 12 वाहनों की संख्या बढ़ाई गई है। साथ ही खुले में रखी धान को व्यवस्थित रूप से स्टेगिंग कर प्लास्टिक से कवर किया गया हैं। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम कलेक्टर मीना द्वारा गुरूवार सुबह कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपार्जन संबंधी अधिकारियों के साथ धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए खरीदी केंद्रो पर सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला उपार्जन समिति द्वारा बनखेड़ी में गायत्री वेयरहाउस, सीताभोज वेयरहाउस, सेमखेडा, सुरेलारंधीर केंद्र का भ्रमण किया गया। बारिश को ध्यान में रखते हुए केंद्रो पर आवश्यक व्यवस्था की गई। सीताभोज वेयरहाउस पर 4000 बोरी बिना सिली पाए जाने पर सिलाई के लिए अतिरिक्त मशीन की व्यवस्था करवाई गई।

# दबंग आईएएस, जिसका नाम सुनते ही कांपता है माफिया जगत

### नर्मदापुरम में भी क्या रेत, शराब, मुरम, भू माफियों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोनिया मीना 2013 बैच की आईएएस अफसर, यूपीएससी में 36वीं रैंक, चयन के बाद उन्हें एमपी कैडर मिला। इसके बाद से सोनिया मीना मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों में काम कर रही हैं। जिस जिले में भी नवागत कलेक्टर ने काम किया, वहां का माफिया गिरोह उनके तबादले की दुआ करता था। सोनिया मीना का नाम चुनिंदा दबंग आईएएस की गिनती में शुमार होता है। बड़े नामचीन माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की वजह से सोनिया मीना को याद किया जाता है।

अन्य जिलों में नवागत कलेक्टर की जो कार्यशैली थी, वो नर्मदापुरम में भी जारी रहती है तो जिले के माफियाओं के लिए यह खतरे की घंटी है। अब देखने वाली बात यह होगी की जिले के नामचीन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई कब और किस अंदाज में शुरू होती है।



नवागत कलेक्टर सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। वह युवाओं को मोटिवेट भी करती हैं। वह मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली हैं।

### माफियाओं से मिली धमकी, फिर भी डटी रही

यंग आईएएस अधिकारी सोनिया मीना अपने कामों को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। कड़क मिजाज होने की वजह से प्रदेश में उन्हें माफियाओं से धमकी भी मिली थी। सोनिया मीना ने अपने पिछले कार्यकाल में कई माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की है।

### दबंग अधिकारी के रूप में है पहचान

आईएएस सोनिया मीना की छवि एक दबंग अधिकारी के रूप में है। छतरपुर में एसडीएम रहते हुए उन्होंने खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी। सोनिया मीना ने 2017 में छतरपुर में खनन माफिया अर्जुन सिंह पर कार्रवाई की थी। इसके बाद उन्हें धमकी मिली थी। इसके बाद भी वह नहीं झुकी थी। वहीं, शासन से सुरक्षा की मांग की थी। सोनिया मीना एमपी के कई जिलों में एसडीएम, एडीएम और जिला पंचायत सीईओ के रूप में पदस्थ रही हैं। वहीं अपनी पोस्टिंग के दौरान भी काम को लेकर चर्चाओं में रहीं। वह उमरिया जिले में एडीएम और जिला पंचायत की सीईओ रही हैं। इससे पहले छतरपुर जिले के राजनगर में एसडीएम थीं। साथ ही मुरैना जिले में भी पदस्थ रही हैं। इन जगहों पर भी कार्यकाल के दौरान उन्होंने माफियाओं को चेन की नींद नहीं सोने दिया।

### 15 बसों से वसूल किए साढ़े बारह हजार रुपए

**नर्मदापुरम।** गुरुवार को आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ विभाग के जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के विभिन्न मार्गो पर सघन जांच अभियान चलाया। जिसमे जांच दल द्वारा बसों में मेडिकल बॉक्स, अग्निशमन, वाहन के दस्तावेज चेक किए, आपात कालीन खिड़की पर सीट पाए जाने पर सीटों को जप्त किया। 65 वाहनों की सघन जांच करने पर जांच में कमी पाए गए 15 बसों पर 12500 रुपए की चालानी की गई, बस संचालकों को अपने - अपने वाहनों के सामने रेडियम से गाड़ी के बीमा, फिटनेस, परमिट तथा पीयूसी की जानकारी लिखवाने के निर्देश दिए गए। तथा सभी वाहन चालकों को 15 जनवरी के पहले वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (**HSRP**) लगाने को कहा।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 5 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम की अदालत ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी गब्बर उर्फ जितेन्द्र पिता पिंटल उर्फ ब्रजमोहन पटेल उम्र 28 वर्ष को पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 में 5 वर्ष का कारावास तथा 354 ख भा.दं.वि में 3 वर्ष के कारावास 506 में 1 वर्ष का कारावास तथा कुल 7 हजार अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया थाना डोलरिया अंतर्गत 17 वर्षीय अवयस्क पीड़िता जो कक्षा 11वीं की पढ़ाई करती थी। 13 अप्रेल 2023 को दोपहर 2 बजे पीड़िता स्कूल से घर जा रही थी तभी आरोपी ने उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ की। जिसके बाद उसके चिल्लाने पर आरोपी भाग गया। फिर तीसरे दिन आरोपी मिला और बोला कि अगर तू रात में 12 बजे सरकारी स्कूल के पास नहीं आयी तो मैं तुझे व तेरे भाई बहनों को जान से मार दूंगा। आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ बार बार गलत हरकत की जा रही थी। जिसके बाद उसने थाने में शिकायत की।

विचारण दौरान न्यायालय के समक्ष पीड़िता एवं अन्य अभियोजन साक्षीयों के साक्ष्य के आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाये जाने पर अभियुक्त गब्बर उर्फ जितेन्द्र पिता पिन्टल पटेल को दोषी पाकर पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 में 5 वर्ष का कारावास तथा 354 ख भादंवि में 3 वर्ष के कारावास 506 में 1 वर्ष का कारावास तथा कुल 7 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लखन सिंह भवेदी द्वारा पैरवी की गई।

# मीना समाज के लोगों ने कलेक्टर से की भेंट, नर्मदा प्रदूषण मुक्त की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मीना समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व समाजिक बंधुओं ने नवनियुक्त कलेक्टर सोनिया मीना से शिष्टाचार भेंट की और उनको जिले में नियुक्ति के लिए बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर मीना समाज द्वारा पुष्प गुच्छ एवं मीना समाज के प्रतीक चिन्ह के रूप में 101 महाशीर मछली मां नर्मदा के जल को प्रदूषित होने से बचाने के लिए कलेक्टर को भेंट की। नर्मदा एवं अन्य नदियों में मछली के अवैध शिकार को रोकने का निवेदन किया। जिससे मछलियों की संख्या में कमी न आए। नदियों के जल प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके, सभी को ज्ञात है कि मीना समाज नर्मदापुरम



का गोल्डन बुक में विश्व रिकॉर्ड दर्ज है, कि उनके मीना समाज नर्मदापुरम द्वारा एक दिन में सर्वाधिक 1 लाख मछलिओ को सेठानी घाट पर नर्मदा नदी में प्रवाहित किया गया था, इस हेतु समाज को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी मिला है।

गुरूवार को सामाजिक प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की उनमें मीना समाज सेवा संगठन नर्मदापुरम के जिला अध्यक्ष रामेश्वरम प्रसाद मीना, भगवानसिंह मीना, नानकराम मीना, विजयराम मीना, राम घुनावत प्रदेश अध्यक्ष मीना समाज शक्ति संगठन, दिनेश पप्पू मीना, हेमंत मीना, उमेश मीना, कपिल मीना विधायक प्रतिनिधि, अर्जुन मीना, दिनेश मीना, महेश मीना, सुनील मीना, आकाश मीना,अजीत मीना, दीपक मीना एवं अन्य शामिल थे।

# ट्रैफिक दबाव : दुकानदारों ने विधायक से की मुलाकात, बताई अपनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मीनाक्षी चौक पर ट्रेफिक दबाव होने के कारण लगातार यातायात व्यवस्था एवं जाम की स्थिति से निपटने के लिए मीनाक्षी चौराहे का जीर्णोद्धार करने की योजना के अंतर्गत सड़कों और चौराहे को व्यवस्थित करने को लेकर वहां लेफ्ट साइड में जगह बनाने के लिए जल संसाधन विभाग और नजूल की भूमि पर दुकानों और अस्थाई पट्टेधारियों को 10-10 फिट पीछे खिसकाने के लिए एवं पट्टे के आधार पर आवंटित भूमि देने को लेकर प्रशासन का जो निर्णय हुआ उसके विरूद्ध वहां स्थित दुकानदारों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा था। जिसके लिए



गुरूवार को विधायक ने उस स्थान का दौरा कर वास्तुस्थिति से अवगत हुए और दुकानदारों को आश्वासन दिया है कि नगर पालिका और प्रशासन के साथ बैठक कर आप लोगों के साथ न्याय करेंगे। शहर के विकास के लिए चौराहों का चौड़ा होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक सीतासरन शर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, प्रमोद सोनी, रामू चौहान, लोकेश तिवारी, अमीन राइन, अर्पित मालवीय आदि मौजूद रहे।

# पर्यटन स्थल पहाड़िया पर मनाया नववर्ष मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बुधवार को आदर्श महिला क्लब ने पर्यटन स्थल पहाड़िया में नववर्ष का मिलन समारोह आयोजित कर नववर्ष पर एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। आयोजन में क्लब की संरक्षक एकता फौजदार, संध्या महंत, अध्यक्ष नीरजा फौजदार, श्वेता जैन, नीता ओशीन, कल्पना जैन, ज्योति जैन, रचना मस्ते, अरमान जैन, नीता गिल्ला, निधी जैन, सारिका डेरिया, अनामिका जैन, कामनी गिल्ला, भावना चावरा, अंजू ओशीन प्रमिला गिल्ला, अंकिता फौजदार, सिद्धी जैन, कनिष्का फौजदार आदि उपस्थित रही। सभी समाज सेवी कार्य एंव धार्मिक कार्यों में सहयोग की सहमति प्रदान की।

### नर्मदापुरम में विधायक डॉ सीतासरन ने योजनाओं की जानकारी दी

# लक्ष्य तय कर निर्माण कार्यों में तेजी लाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सहित विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा कलेक्टर सोनिया मीना ने की। बताया गया की जिले में संकल्प यात्रा के तहत अभी तक जिले की 421 ग्राम पंचायतों में से 209 ग्राम पंचायतों और सिवनीमालवा और इटारसी नगरपालिका में हितलाभ कार्यक्रम वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें लगभग 111308 व्यक्ति शामिल हुए हैं। अभी तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 3674 एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 1901 हितग्राहियों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। स्वास्थ्य कैंप में अभी तक 20874 व्यक्तियों की जांच की गई हैं। जिसमें 7804 टीबी और 3043 की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई हैं। कलेक्टर ने सीएमएचओ को कार्ययोजना बनाकर चिन्हित



मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में लगभग 91 प्रतिशत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा चुका हैं।

कलेक्टर ने शेष हितग्राहियों को भी शीघ्र कार्ड का वितरण कराने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा कर कलेक्टर ने स्वीकृत नलजल योजनाओं के कार्य गुणवत्तापूर्ण रुप से समय पर पूर्ण कराने के निर्देश कार्यपालन यंत्री पीएचई को दिए। उन्होंने ई पीएचई को निर्देशित किया कि मासिक लक्ष्य निर्धारित कर नल जल योजनाओं के कार्य तेजी से किए जाएं। रेस्टोरेशन के कार्य भी समय पर कराएं। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, एमपीआरडीसी आदि निर्माण विभागों के अन्तर्गत सीएम राइज स्कूल निर्माण, स्वीकृत एवं प्रगतिरत आरओबी परियोजनाएं, स्वीकृत सड़क और पुल निर्माण कार्य, मजबूतीकरण एवं विशेष मजबूतीकारण, 5 करोड़ से अधिक के लागत कार्यों इत्यादि निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण विभाग प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों के प्रत्येक चरण को पूर्ण करने की टाइमलाइन सेट करें। उसी आधार पर निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाएं। स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन, नवीन लैंडफिल परियोजनाएं, उपयोगिता जल प्रबंधन, पार्क निर्माण, पीएम आवास योजना शहरी , नर्मदालोक की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत कार्यों में शीघ्र निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### नर्मदापुरम पहुंची विकास यात्रा



नर्मदापुरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वेन विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के आतिथ्य में निकाली गई। जो वेन का होली चौक,सेठानी घाट पर भव्य स्वागत हुआ। विधायक डॉ शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी। 2213 उपस्थित व्यक्तियों में से 1977 लोगों को लाभावित एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में अवगत कराया। इस दौरान नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, सीएमओ नवनीत पाण्डे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राधारानी के प्रकोट्सव की लीला दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राम चरित मानस में एक से बढ़कर एक चरित्र हैं। उनमें भी महात्मा भरत का चरित्र अति उत्तम है। वे धर्म और प्रेम दोनों की परिसीमा हैं। गोस्वामी जी ने स्वयं लिखा है कि यदि संसार में भरत का जन्म नहीं होता तो पृथ्वी पर धर्म की धुरी को कौन धारण करता। यह बात गुरुवार को ग्राम आरी में राम कथा के समापन सत्र में आचार्य सदभव तिवारी ने कही। कथा बहुत ही मार्मिक रही। सस्ते पहले केवट प्रसंग का वर्णन उन्होंने किया। उन्होंने कहा कि केवट के अटपटे प्रेम और चतुराई देखकर भगवान मन ही मन मुस्काते हैं। केवट के प्रेम में भगवान इतने विभोर हो गए कि उसके पूरे परिवार का उद्धार कर दिया। यह कथा संकेत करती है कि प्रभु की भक्ति पाने के लिए ज्ञान की नहीं भाव की आवश्यकता होती है। केवट को भक्ति प्रदान करने के बाद वनवास प्रसंग का वर्णन किया। भारत मिलाप के मार्मिक क्षण के दौरान श्रोता भावुक हो गए। बाद में भगवान के माता शबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान कराया। आज कथा का समापन सत्र था। इस दौरान व्यास पीठ से 22 जनवरी को भगवान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को उत्साह से मनाने का आग्रह भी किया गया।



स्थानीय स्वयंवरम गार्डन में चल रही वृंदावन की रासलीला महोत्सव की एक झलक। रासलीला के चतुर्थ दिवस राधा रानी प्रकोट्सव की लीला दर्शन का मंचन हुआ। प्रारंभ में रास में भगवान ने भक्तों के प्रकार के बारे में ब्रज रसिया के माध्यम से बताया कि भक्त कई प्रकार के होते हैं। जिनमें प्रहलाद, नरसिंह, मीरा बाई, सूरदार आदि भक्तों के लिए मैंने प्रेम के वस में होकर क्या क्या नहीं किया। लीला में व्यास पीठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदाचार्य का सम्मान किया गया।

# मंदिर से प्रतिमा तोड़कर नाली में फेंकी, दो लोग पुलिस हिरासत में, घटना से लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला

मंदिर से मूर्ति निकालकर नाली में फेंकने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत आमला थाने में दर्ज कराई है। मूर्ति को तोडक़र फेंकने के बाद लोगों में आक्रोश है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शंकर सोनेकर ने अपनी शिकायत में बताया कि बोडखी क्षेत्र के पोस्ट आफिस के पास दुर्गा मंदिर में स्थापित दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित थी। यहीं रहने वाले कन्हैंया राठौर ने सोमवार रात 10 बजे मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को उखाडक़र नाली में फेंक दिया। जब मैंने कन्हैया राठौर को समझाने का प्रयास किया तो उसने गाली-गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कन्हैया राठौर द्वारा यह कहा जा रहा है कि मेरे घर के सामने मंदिर बना है, जहां पर दिन भर पूजा-पाठ होता है। इस मंदिर में मूर्ति स्थापित नहीं होने दूंगा। यदि तुम लोगों ने दोबारा मूर्ति स्थापित की, तो लोगों को जान से मार दूंगा। शिकायत के बाद पुलिस ने कन्हैया राठौर और विनोद राठौर के खिलाफ धारा 295, 294, 506, 34 का मामला दर्ज कर तत्काल कार्रवाही की है।

## मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था कराए जाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

*थाना क्षेत्र के बोड़खी में 1/1/2024 रात करीबन 8 बजे से 8.30 बजे के बीच जीराढाना रोड वाले मंदिर में दुर्गा प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया और एक शिवलिंग को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त किया था. इस घटना के बाद अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल और सामाजिक लोगों द्वारा तुरंत पुलिस थाना आमला में फिर दर्ज कराई गई। पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी कन्हैया राठौर और विनोद राठौर को तुरंत हिरासत में लिया गया। और कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 8:00 बजे जब हम लोग पुजा पाठ करके ही निकले थे तो इसी दौरान आरोपी द्वारआ मंदिर की मूर्ति स्थापित दुर्गा मूर्ति को उखाड़ कर सामने की नाली में फेक दिया और शिव लिंग को निकालने की कोशिस कर रहा था तभी कुछ महिलाएं वहा आ पहुंची तो वह गलियां देते हुए घर में चला गया. इसके बाद गांव में यह बात आग की तरह फैल गई कि गांव के मंदिरों की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया है.।*

# कलेक्टर ने प्राप्त शिकायत पर दो दिन में कराया 5.41 लाख का भुगतान

## जनसुनवाई के लिए मुख्यमंत्री डॉ.यादव का किया धन्यवाद



**बैतूल**। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने लंबित शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आवेदक आदिवासी गरीब किसान को 5 लाख 41 हजार रुपये चैक के माध्यम से शिकायत के अगले दिन बुधवार को भुगतान करवा दिए। उल्लेखनीय हैं कि नवागत कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मंगलवार को ही कलेक्टर के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया था। कार्यभार ग्रहण करते हुए उन्होंने प्रति मंगलवार होने वाली जनसुनवाई में आम लोगों की शिकायत सुन रहें थे। आवेदक श्री गंजन व अमरी गोंड की लंबित शिकायत कि, आवेदक ने ग्राम राता माटी बुजुर्ग स्थित खसरा 39/1 जिसका रकबा 1.360 हेक्टेयर था, का विक्रय दिनांक 29.11.2022 तुलसीराम आत्मज श्री जीवतु को कुल राशि रुपए 6 लाख 38 हजार 400 में किया था। भूमि क्रेता श्री तुलसीराम द्वारा अग्रिम के रूप में 97 हजार 252 रुपये भुगतान कर दिए गया था। शेष राशि 5 लाख 41 हजार 148 कागजी कार्रवाई पूर्ण होने एवं भूमि का कब्जा मिलने पर देने का वायदा किया था परंतु एक वर्ष की अवधि गुजर जाने एवं क्रेता भूमि का कब्जा लिए जाने के बावजूद शेष राशि का भुगतान नहीं कर रहा था।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए

# पाठक पुरस्कार योजना-2023

## कूपन फार्मेट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |

**नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।**

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन ) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

### कार्यालय प्रति

नाम : .................................... पिता/पति का नाम : .................................... पता : ....................................

मोबाईल : .......................... एजेंसी का नाम : .................................................... दिनांक ..................

### ग्राहक प्रति

नाम : .................................... पिता/पति का नाम : .................................... पता : ....................................

मोबाईल : .......................... एजेंसी का नाम : .................................................... दिनांक ..................

ढिकवाड़ा, शोभापुर, निमनमुड़ा, गुरारी, चंदीखेड़ी में लगा है समस्याओं का अंबार

# विकास ऐसा की सड़कें नालियां बनी, पानी निकासी के लिए दर-दर भटक रहे लोग

**विकास के लुभावने वादे कर जनता से वोट लेने वाले जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद जनता को भूल ही जाते है। इसका ताजा उदाहरण शोभापुर की वीर कॉलोनी व बगीचा कॉलोनी में देखने को मिल रहा है। जहां वर्षों से पानी निकासी की समस्या बनी हुई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर





शोभापुर की वीर कालोनी और बगीचा कालोनी निवासियों की पानी की निकासी की समस्या वर्षों से जस की तस बनी है। रहवासी गंदगी नुमा सड़कों से निकलने को मजबूर है। इन रहवासियों का बदहाली भरे जीवन की सुध लेने वाले की फिक्र फिक्रमंदो समस्याओं को नजरंदाज कर एक दूसरे पर मामला डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। वीर कालोनी की रहवासी महिलाएं शोभापुर सचिव राजेंद्र से मिलकर उन्हें समस्याओं से संदर्भित आवेदन देकर निराकरण करने का निवेदन किया। रहवासियों के अनुसार उनके मोहल्ले में घरों के निस्तार का पानी सड़कों में बह रहा है। पानी निकासी के लिए मोहल्ले में नाली नहीं है जिससे कालोनीवासियों का जीवन बदहाल बना है। महिलाओं ने बताया कि स्कूल जाते समय बच्चे कई दफा फिसल कर गिर जाते हैं तो वहीं बीमारियों का खतरा बना हुआ है। सचिव राजेंद्र पटेल से कालोनी वैध या अवैध की जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि कल एर्थेटिक जानकारी निकलवाकर बताता हूं।

### हफ्ते भर से पानी निकासी की समस्या नहीं सुधरी

ढिकवाड़ा पंचायत में करीब एक हफ्ते से पानी सड़कों में भरा हुआ है। ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर संबंधित विभागों को सूचित करने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। मंजेश पटेल ने बताया कि गांव में हफ्ते भर से नाली का पानी सड़कों में भरा हुआ है लेकिन किसी भी अधिकारी, कर्मचारी ने हमारी समस्याएं देखने तक की नही सोची जबकि ग्राम ढिकवाड़ा के दर्जन भर ग्रामीणों द्वारा 181 पर शिकायत दर्ज कर चुके हैं। अधिकारियों की उदासीनता रहवासियों की मुशीबत का सबब बनती जा रही है। परेशानियों का आलम ये है कि ग्रामीण घुटने घुटने भर गंदे पानी से निकलने को मजबूर हैं।

### जानकारी मंगवाकर व्यवस्था बनवाते हैं

एसडीएम बृजेंद्र रावत ने नाली की समस्या के निराकरण के संबंध में बताया कि पटवारी को भेजकर जानकारी बुलवाते हैं, व्यवस्था बनवाई जायेगी। उन्होंने ढिकवाड़ा पंचायत के संबंध में भी समान प्रतिक्रिया दी है।

# इंटर डिस्ट्रिक हॉकी प्रतियोगिता का रैली के साथ किया शुभारंभ

**बड़वानी, बालाघाट, हरदा, बैतूल, शाजापुर और खरगोन ने जीते मैच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



हॉकी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक हॉकी प्रतियोगिता का गुरुवार सुबह रिमझिम फुहारों के बीच रैली के माध्यम से इटारसी में आगाज हुआ। बारिश के कारण डीएचए ने गांधी मैदान गीला होने के कारण दो दिन होशंगाबाद में मैच कराने का निर्णय लिया। एस्ट्रोटर्फ मैदान पर चार मैच खेले गये तथा दो टीमें नहीं आने से दो टीमों को वॉकओवर मिला। इस तरह से पहले दिन बड़वानी, बालाघाट, हरदा, बैतूल, शाजापुर और खरगोन ने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। आज होशंगाबाद के एस्ट्रोटर्फ मैदान पर पहला मैच शिवपुरी और बालाघाट की टीमों के मध्य खेला गया। इस मैच में बालाघाट ने 5-1 गोल से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में खरगोन ने टीकमगढ़ को 6-0 से हराया। अनूपपुर और बैतूल के मध्य खेले एकतरफा मैच में बैतूल ने अनूपपुर पर 7-0 की जीत दर्ज की। अंतिम मैच सागर और शाजापुर के मध्य काफी रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने समान अंतर से एकदूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किये और निर्धारित समय तक दोनों ओर से 3-3 गोल हुए। इस मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से किया। इस मैच को शाजापुर ने 2-1 से जीता। हरदा और बड़वानी को रायसेन और रतलाम टीम नहीं आने से वॉक ओवर मिला है। आज के मैचों में डीएचए सचिव कन्हैया गुरयानी ने खिलाड़ियों से मुख्य अतिथि जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे, स्वागत अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे, फुटबाल खिलाड़ी सत्यम अग्रवाल, खेल समीक्षक अखिल दुबे, डीएचए के सदस्य होशंगाबाद से अश्वनी वर्मा, आशीष सोनी का परिचय कराया। खेल विभाग से जयसिंह भदौरिया, महेन्द्र पचलानिया, डीएचए के मयंक जेम्स, अमनकीत सिंघ, साजिद मलिक, शफीक, नंदकिशोर, रमाकांत कौल, साहिल चौरे सहित खिलाड़ियों ने सहयोग किया।

### तकनीकि टीम में ये शामिल रहे

टीम डायरेक्टर सचिन सिंह, अम्पायर जाकिर अली, प्रवीण पसेरिया, रंजीत जबलपुर, असद खान, शादाब खान सिवनी और रवि हरदुआ इटारसी तथा ऑब्जर्वर इमरान खान।

### सुबह निकाली रैली

आज टूर्नामेंट की शुरुआत सुबह रिमझिम फुहारों के बीच इटारसी में गांधी मैदान से खिलाडिय़ों और जिला हॉकी संघ के सदस्यों और पदाधिकारियों की रैली से हुई। रैली में शामिल टीमें, स्थानीय खिलाड़ी गांधी मैदान से रेस्ट हाउस के सामने से आरएमएस आफिस, जयस्तंभ, नीमवाड़ा, सराफा बाजार, छोटा सराफा, तुलसी चौक होकर वापस गांधी मैदान पहुंचे, जहां रैली का समापन हुआ।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत से कर रहे हर परिवार को आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को अपने ग्रामीण स्तर पर मनाने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक नगर के प्रत्येक घर जाकर ग्राम वासियों को पूजित अक्षत से अपने अपने क्षेत्र में अयोध्या जैसा वातावरण निर्मित करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं इस संबंध में स्वयंसेवकों से पूछने पर उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला वर्षों बाद अपने गर्भग्रह में विराजमान होंगे इस कार्यक्रम में देश विदेश के श्रद्धालु हिस्सा लेंगे और यह समारोह पूरे विश्व में मनाया जाएगा समस्त नगर वासियों से निवेदन है कि अपने ग्राम को ही अयोध्या मानकर अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों में सजावट कर इस दिन दीपावली जैसा त्योहार हर्षोल्लाह से मनाऐं।

# ग्राम पंचायत माथनी में ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा सतचंडी यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत माथनी में सतचंडीयज्ञ प्रारंभ में ग्राम वासियों के सहयोग से यज्ञाचार्य पंकज कृष्ण शास्त्री वृंदावन निरंकार दास महाराज उदासीन द्वारा अनेकों ब्राह्मणों की उपस्थिति में सत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस दौरान पूर्व सरपंच भगवान सिंह पटेल ने बताया कि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल के द्वारा जिस उद्देश्य से जनपद सदस्य का चुनाव लड़ा गया था वह उद्देश्य विधायक ठाकुरदास नागवंशी के माध्यम से पूर्ण हो चुका है। जिसमें माथनी से लेकर पचलावरा तक सीसी रोड तथा सुरेला किशोर में बिजली सब स्टेशन की स्थापना भी विधायक के सहयोग से पूर्ण हो चुकी है। जिसके लिए क्षेत्र के जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। भव्य शोभा यात्रा निकाली गई यंज्ञ मंडप का प्रवेश किया गया। देवताओं का आवाहन पूजन मंडप ब्राह्मणों के द्वारा किया गया और 5 जनवरी को अरणी मंथन कर स्वाहा प्रारंभ किया जाएगा। यज्ञ पूर्णा हूती सामूहिक हवन कन्या भोज एवं भंडारे का कार्यक्रम 10 जनवरी को आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत के निवासी एवं आसपास के ग्राम वासियों के द्वारा जनकल्याण में आर्थिक सामाजिक एवं मानसिक रूप से यज्ञ में सहयोग किया जा रहा है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों से यज्ञ में शामिल होने एवं दर्शन करने की भी अपील की गई है।

# सेवानिवृति पर सामाजिक लोगों ने किया सहयोग




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत मटकुली के सरकारी प्राथमिक शाला आश्रम में लगातार 41 वर्षों तक अपनी शिक्षा के क्षेत्र में सेवा देने वाले प्रधान पाठक पंचम सिंह सल्लाम सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी। उनके सेवानिवृत होने पर सरपंच नेहा धुर्वे, सचिव जितेंद्र ठाकुर, उप सरपंच संजय दुबे, भगवान दास साहू, रेवती पाल, बिंदा पाल सहित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रधान पाठक का शाल श्रीफल के साथ सम्मान करते हुए उनके कार्य शैली एवं जीवन शैली पर प्रकाश डाला।

# करोड़ों का सड़क निर्माण पुलिया रेलिंग विहीन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

बहुप्रतीक्षित सेमरी हरचंद से सांगाखेड़ा खुर्द मां नर्मदा के तट को जोड़ने वाली सड़क शान द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके बनाई गई है परंतु बाहरपुर स्थित मारू नदी पर बने रेलिंग विहीन पुल की ओर आज भी शासन का ध्यान नहीं है इस पुल पर वर्षों से रेलिंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण अनेक बार पालतू पशु एवं वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं परंतु शासन प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है अनेक बार समाचार पत्रों के माध्यम से इस समस्या को दर्शाया गया है लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बनकर देख रहा है परंतु समस्या का कोई समाधान दिखाई नहीं देता।

# आरसीसी ने 6 विकेट से जीता टूर्नामेंट विजेता टीम को मिले 81081 और कप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी




बनखेड़ी के सीएम राइस टैगोर विद्यालय के मैदान पर जारी बनखेड़ी चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबला आरसीसी एवं ठैनी स्टार्स के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में ठैनी स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 59 रन का लक्ष्य रखा, आरसीसी ने 6 विकेट से पांचवें ओवर में ही लक्ष्य पूरा कर मैच जीत लिया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच अंकित (करणपुर) को दिया। अंकित ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंद पर तीन छक्के, पांच चौकों की मदद से 44 रन का स्कोर किया, बनखेड़ी चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में आठ टीमों ने हिस्सा लिया था पिछले एक सप्ताह से जारी टूर्नामेंट में लीग मैच क्वालीफायर सेमीफाइनल के बाद फाइनल मैच गुरुवार को खेला गया। फाइनल मैच को देखने बड़ी संख्या में दर्शक मैदान पर मौजूद रहे। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज शाजमान चूचू,मैन ऑफ द मैच अंकित करणपुर, बेस्ट फील्डर का किताब भारत राय, बेस्ट कीपर पवन माहो, बेस्ट बॉलर गगन चौधरी, बेस्ट बैट्समैन नारायण (झिरपा) को दिया गया। फाइनल मैच देखने बड़ी संख्या में दर्शन एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विजेता टीम को 81081 रुपए का नगद एवं कप उपविजेता टीम को 51051 की नगद राशि एवं कप प्रदान किए, क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी, अनिल अग्रवाल, राजेश जांवदिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए।

# नगर पालिका कर्मचारियों को द्वेषपूर्ण या आर्थिक संकट के चलते निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

> ■ राशि न होने और खर्च अधिक होने से वित्तीय संकट से गुजर रही नगर परिषद

यहां नगर पालिका में कर्मचारियों की भरमार और कार्य के विरुद्ध अधिक कर्मचारियों को रखने सहित अन्य खर्चो के चलते वित्तीय हालात बिगड़ गए है। उधर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के भी सख्त निर्देश है कि अनावश्यक राशि खर्च न किया जाए, अब नगर पालिका एक्शन मूड में आ गई है गुरुवार को 5 कर्मचारियों को काम हटाया है वही कुछ को कुछ दिन पहले ही हटा दिया गया था। इनमें से मारुति पटेल का नाम चर्चा में इसलिए है कि वह कांग्रेस प्रत्यासी के मौसी के लड़के भी है। हालाकि सोहागपुर नगर परिषद में वित्तीय स्थिति गड़बड़ा गई है या नगर परिषद में नेताओ के दबाव में आकर साप्ताहिक मस्टर सहित दैनिक और मासिक मस्टर पर कर्मचारियों को रख लिया गया यह तय नहीं हो पाया है पर अब वेतन को लेकर परेशानी हो रही है, नगर परिषद में दो माह से कर्मचारियों को वेतन नही दिया गया है। दरअसल नगर परिषद में शासन स्तर से 25 लाख चुंगी राशि प्राप्त होती है वही सभी कर्मचारियों के वेतन पर 40 लाख से अधिक की राशि खर्च होती है। वही नगर परिषद की वसूली भी पर्याप्त नही आ रही है ऐसे में वित्तीय संकट से गुजरने वाली परिषद ने कर्मचारियों को बैठा दिया है लेकिन अब चर्चा इस बात की हो रही है की नगर परिषद सीएमओ द्वारा जिन कर्मचारियों को निकाला गया गया है उन पर अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस पार्टी के लिये काम करने का आरोप है , वही नगर पालिका में ऐसे कई कर्मचारी है जो सत्ताधारी दल के नेताओ के परिवार से है तो कुछ नेताओं के कहने पर रखे गए है जो नगर परिषद में कहा काम कर रहे है किसी को नही पता , कुछ तो कार्यालय में दिखाई ही नही देते। अब नपा द्वारा कर्मचारियों को निकालने का तर्क आर्थिक स्थिति ठीक न होना बताया जा रहा है। वही कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका द्वारा फिजूल खर्ची भी की जा रही है जिस पर सीएमओ और अध्यक्ष रोक नही लगा पा रहे है। इस संबंध में सीएमओ दीपक रनवे से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि आर्थिक संकट के चलते निकाला गया है भविष्य में और भी कर्मचारी निकाले जा सकते हैं।

**सोहागपुर, शोभापुर में हिंदू संगठन पहुंचा रहे पीले चावल**

# चलो प्रभु श्री राम ने बुलाया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





कार सेवकों का बलिदान, सकल हिंदू समाज के संघर्ष के बाद केंद्र में मोदी सरकार के दौरान न्यायालय के आए फैसले के बाद अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण के उद्घाटन की तिथि सुनिश्चित होने के बाद समूचे हिंदुस्तान में राम भक्तों द्वारा उत्साह पूर्वक घर घर जाकर संगठनात्मक तौर तरीके से सनातन धर्म की परंपरा अनुसार पीले चावल लेकर अयोध्या में पधारने का आमंत्रण दे रहे हैं। उक्त अभियान बीते एक पखवाड़े से अपने चरम पर है। हिंदुस्तान में यह उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला है जिसकी तैयारियां जहां अयोध्या में युद्ध स्तर पर जारी है तो वहीं हर गांव, तहसील, जिले, प्रदेश में हिंदू समाज और हिंदू संगठन अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

सोहागपुर में बजरंगदल और विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से अपने नगर , मोहल्ले में अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर धार्मिक वातावरण में खुशियां मनाने की बात घर घर कह रहे हैं तो वहीं अयोध्या में सामर्थ्यवान लोगो से पहुंचने को कह रहे है। इंदिरा वार्ड में शिवकुमार पटेल, विशाल राठौर, आशीष पुरोहित, चेतन बिहार, अंकित कुमरे इत्यादि कार्यकर्ता पहुंच कर लोगो को प्रेरणा दे रहे हैं।

शोभापुर अंचल के ग्रामीण इलाकों में संघ और बजरंगदल के कार्यकर्ता सामूहिक रूप से पहुंच कर अयोध्या में पहुंचने का आमंत्रण दे रहे हैं। उनकी इस मुहिम में भूपेंद्र पटेल,शैलेंद्र पटेल, देवेंद्र पटेल, संजू सिलावट, अखिलेश नामदेव इत्यादि कार्यकर्ता राम भक्तों से मिलकर प्रभु के मंदिर के उद्घाटन में पहुंचने का आग्रह कर रहे हैं तो भाजपा के पदाधिकारी भी देर शाम होते ही शोभापुर की गलियों में प्रत्येक घर में जा जाकर लोगो से मंदिर जाने का आग्रह कर रहे हैं। इस अभियान की विशेषता है इस अभियान में सौहार्द पूर्ण माहौल में सब एक साथ कदम मिलाकर साथ चलते हुए 22 जनवरी को मंदिर में पहुंचने का निवेदन कर रहे हैं।

# डीआरएम ने किया रेल खंड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने गुरुवार को भोपाल मंडल के खंडवा-रानी कमलापति रेल खंड का निरीक्षण कर इस रेल खंड पर स्थित समपार फाटकों, रेल पुलों, रेल पथों, संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े यंत्रों, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का सघन निरीक्षण कर उनकी कार्य क्षमता को परखा एवं बेहतर रख रखाव के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किये जा रहे खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, नर्मदापुरम स्टेशन का सघन निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा की, साथ ही स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, विकास कार्यों एवं रेल कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और जरूरी निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) अतिन कुमार तोमर, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) महेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर (सिग्नल) राव अभिषेक सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) अजय कुमार माथुर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे सहित अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

### निषादवंशीय मछुआ समाज का परिचय सम्मेलन 7 को

इटारसी। मध्यप्रदेश निषादवंशीय मछुआ समाज का एक दिवसीय युवक युवतीय परिचय सम्मेलन 7 जनवरी को पॉलीटेक्निक स्थित मानस भवन में सुबह 11 बजे से रखा गया है। इससे समाजजन को रामकेवट के संवाद के चित्र भेट किये जायेंगे। सम्मेलन के लिए समाज के सभी मांझी, मछुआ, कीर, कहार केवट, कश्यप, निषाद, भोई, मल्लाह, डीमूर, धीवर, रायकवार माधम बाथम, पौधया, पुरिया, उपनामों के विवाह के लिए युवक युवतियां शामिल होगी। पंजीकृत युवको को बहुरंगी निषाद स्मारिका निःशुल्क वितरित की जावेगी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुभाष रायकवार ने बताया कि इस अवसर पूर कक्षा 10वीं और 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को 11-11 हजार की राशि से सम्मानित किया जायेगा। साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं स्थानीय विधायक मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी होगें। यह जानकारी समिति से जुड़े होशंगाबाद जिले में कैलाश रायकवार ने दी है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा**
**जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

E-mail : cmoseonimalwa@mpurban.gov.in
कार्यालय दूरभाष- 07570-220249, 220250

क्रमांक-52/र.स./न.पा./24 — सिवनी मालवा, दिनांक-04.01.2024

**// निविदा/नीलामी सूचना //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व विभिन्न स्थानों पर लगे विज्ञापन होर्डिंग चिहिन्त विद्युत पोल की निविदा वित्तीय वर्ष साथ ही 31 दिसम्बर 2026 (35 माह) तक की अवधि के लिये नगर पालिका अधिनियम में निहित शर्तो के अधीन दिनांक 22/01/2024 दिन सोमवार को दोपहर 03.00 बजे तक बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जावेगी। जिसकी अमानत राशि 25000/- (पच्चीस हजार) रूपया जमा कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

नोटः- निविदा से संबंधित शर्ते एवं जानकारी नगर पालिका के राजस्व शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा**

## खबर संक्षेप



### व्यापार प्रकोष्ठ ने जिले के दोनों विधायकों का किया तुलादान

**हरदा।** विधायक डॉक्टर रामकिशोर दोगने ने गुरुवार को हरदा नगर बाजार क्षेत्र भ्रमण कर जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। डॉक्टर दोगने द्वारा व्यापारियों को संबोधन करते हुए कहा कि वह जनता के ऋणी हमेशा रहेंगे। कहा कि आपकी हर समस्याओं को हल करने का हर संभव प्रयास करूंगा। इस मौके पर कांग्रेस व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ हरदा जिला इकाई के तत्वाधान में हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने एवं टिमरनी विधायक अभिजीत शाह का तुलादान किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओम पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष गगन अग्रवाल, उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, उपाध्यक्ष विट्ठल तोषनीवाल, संजय जैन, सुरेंद्र सराफ, अमर रोचलानी, पार्षद अहद खान सहित अन्य उपस्थित थे।

### जहरीली दवा के सेवन से बिगड़ी युवक की तबियत

**हरदा।** गुरुवार को ग्राम अतरसमा में रहने वाले 25 वर्षीय युवक ने घरेलू विवाद के चलते जहरीली दवाई का सेवन कर लिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम अतरसमा के रहने वाल्व राजेश पिता कैलाश मिस्त्री को उसकी मां ने बैंक से बाइक के लिए लोन की क़स्ति जमा कराने को लेकर डांट लगाई। इस दौरान उसने गुस्से में आकर मिर्ची में डालने वाली दवाई का सेवन कर लिया। जिसके बाद तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल चौकी पुलिस ने युवक के बयान लिए है। वहीं डाक्टर्स के मुताबिक उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### कलेक्टर ने घोषित किए स्थानीय अवकाश

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग ने हरदा जिले में वर्ष 2024 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जारी अधिसूचना अनुसार 20 अगस्त मंगलवार को भुजरिया पर्व पर, 11 अक्टूबर शुक्रवार को दुर्गा अष्टमी/महानवमी तथा 1 नवम्बर 2024 शुक्रवार को दीपावली का दूसरा दिन का स्थानीय अवकाश सम्पूर्ण हरदा जिले के लिये घोषित किया गया है। ये अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### मिलावट रोकने के लिए विशेष निगरानी दल गठित

**हरदा।** कलेक्टर ने जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए जिला स्तर पर विशेष निगरानी दल गठित किया है। आदेश अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा को विशेष निगरानी दल का नोडल अधिकारी एवं दल प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रबन्धक दुग्ध संघ, नापतौल अधिकारी तथा जिला आपूर्ति अधिकारी हरदा को दल का सदस्य नियुक्त किया गया है।

---

स्कूली बच्चों की परिजन कर रहे देखभाल, उन्होंने कहा मम्मी-पापा कहां गए नहीं मालूम

# रोजगार नहीं मिलने से बिगड़े हालात श्रमिकों के पलायन से घरों में लगे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

मनरेगा में रोजगार नहीं मिलने से कई गांवों में हालात निरंतर बिगड़ रहे हैं और श्रमिकों का भारी संख्या में पलायन हो रहा है। जिससे उनके घरों पर ताले पड़े हैं। जिन घरों के दरवाजे खुले हैं, वहां स्कूली बच्चे हैं अथवा महिला एवं वृद्धाएं हैं, जो घरों और छोटे बच्चों की देखभाल कर रहे हैं।

जबकि बड़े सदस्य रोजी रोटी के लिए महाराष्ट्र, गुजरात और प्रदेश के बड़े शहरों में चले गए हैं। यह प्रतिनिधि समीपवर्ती ग्राम राजपुरा के मुख्य गांव भीलवाडी मोहल्ले में पहुंचा तो वहां इने गिने लोग ही दिखाई दिए ग्रामीणों ने उक्त जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों के पास थोड़ी बहुत जमीन भी है, लेकिन बेमौसम बारिश और हवा आंधी ने उन्हें कहीं का नहीं छोड़ा है। फसलें बर्बाद हुई तो उनकी सुध लेने कोई नहीं आया। सरकार ने उन्हें चुनावी माहौल में ईश्वर के भरोसे छोड़ दिया और भारी संख्या में लोग अन्यत्र पलायन कर गए हैं।

**नहीं पता, मम्मी पापा कहां है?**

वहां के पंकज अपनी पत्नी और 6 सदस्यों सहित खरगोन के समीप भटियान गांव मजदूरी के लिए गए हैं।



उनकी बिटिया बुलबुल पहली कक्षा और कुणाल (केजी वन) ने कहा हमें नहीं मालूम कि मम्मी पापा कहां है ? उनकी याद बहुत आती है और कब आएंगे यह उन्हें पता नहीं है। वे झिरन्या पढ़ने के लिए जाते हैं और दादा-दादी बलिराम और यशोदाबा ई के साथ रहते हैं। इसी तरह बंडू पिता लक्खू का परिवार एवं दो बच्चों सहित अन्यत्र गया है। उनकी 10-12 साल की बेटी पायल स्कूल नहीं जाती है और वह कक्षा 4 थी में पढ़ रहे छोटे भाई युवराज को खाना पकाकर देती है। यह प्रतिनिधि वहां पहुंचा तो वह हेंड पंप से सिर पर बर्तन रखकर पानी ला रही थी।

**कोई काम नहीं चल रहे...**

ग्राम पंचायत कि बैठक में निर्वाचित कई पंचायत प्रतिनिधि आते नहीं है और बैठक निरस्त करना पड़ी है। ग्राम स्वराज के कार्यक्रम में भी उपस्थिति कम थी। इसलिए विधानसभा चुनाव के बाद कोई काम नहीं चल रहे हैं।

**बारेलाल सोलंकी,**
सचिव ग्राम पंचायत राजपुरा

**जानकारी नहीं है...**

राजपुरा गांव में उक्त स्थिति की मुझे जानकारी नहीं है। मैं किसी अधिकारी को वहां भेजकर दिखवाता हूं। इस मामले में आवश्यक कदम उठाये जाएंगे।

**महेंद्र कुमार श्रीवास्तव,**
सीईओ, जनपद पंचायत झिरन्या

## दो जुड़वा बालक भी मिले



*वहां दो जुड़वा बालक राम और श्याम 8 वर्ष भी मिले,जो अपने दादा कैलाश और दादी मुन्नीबाई के साथ रहते हैं। जब वे छोटे थे तो उन्हें पिता विक्रम और मां पूजा अपने साथ ले जाते थे। अब उनकी उम्र 8 वर्ष है,परंतु उनकी बालकों को पढ़ाने की इच्छा है,इसलिए अधिक उम्र होने पर भी उन्हें कक्षा पहली में भर्ती कर दिया है। वे खेड़ा फालिया की सरकारी स्कूल में पढ़ने जाते हैं। उनके पिता विक्रम और माता पूजा बेडिया गए हैं और घर पर ताला पड़ा था।*

**हर कहीं ताले,पलायन मजबूरी**

*इस गाँव का राधिया पिता प्रताप अपने परिवार के 6 सदस्यों के साथ मिर्ची तोड़ने बेड़ियाँ गया है। विधवा लक्ष्मीबाई बेवा रमेश 4 परिजनों के साथ जिनिंग में काम करने गई है। वहीं दिनेश पिता भारत गोलकर अपने दो लड़के और एक लड़की के साथ गोगावां में ईंटें बनाने का काम करतें हैं। जबकि मुकेश पिता भारत इंदौर 5 सदस्यों के परिवार के साथ राज मिस्त्री का कम करता है। विधवा कंचनबाई बेवा शोभाराम अपने दो लड़के.बहुओं और दो लड़कियों के साथ बुरहानपुर में हैं. उनकी एक टूटी खटिया और एक गुदड़ी भी बाहर ही राखी थी.. उसके साथ 3 लड़के ओर लड़की भी गई है। वहां के ग्रामीणों में कड़वा भाई जोहारे,विश्राम मंडलोई,सूरतराम गोलकर,हुकुम बारे ने बताया कि पंचायत के गाँव और फालियों से दशहरे बाद पलायन शुरू हो जता है। यह सिलसिला निरंतर चलता रहता है। सभी मजदुर बारिश में अपने गाँव में ही रहते हैं। वे दीपावली पर वापस आते हैं और त्यौहर मनाने के बाद लौट जाते हैं।*

---

# गैसकांड में एसएसओ के बाद एसआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



खंडवा गैसकांड में फूड विभाग के एसएसओ के बाद अब पुलिस विभाग में एक सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड किया गया है। दोनों अपने-अपने विभाग में घटनास्थल क्षेत्र के बीट प्रभारी थे। हादसे को लेकर प्रथम जिम्मेदार मानते हुए दोनों विभाग के वरिष्ठों ने उन पर कार्रवाई की है।

आशंका जताई है कि बीट प्रभारी की माफिया की सूचना तंत्र कमजोर था। हालांकि, दोनों निलंबित अफसरों को 5-6 माह पहले ही संबंधित क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी। जबकि राजेश पंवार का अवैध कारोबार तो बीते 20 साल से फल-फूल रहा था। थाना कोतवाली हो या फूड विभाग, 20 साल के भीतर कई थाना प्रभारी, बीट प्रभारी आकर चले गए। बावजूद जिम्मेदारी सिर्फ वर्तमान की ही तय गई। दो मौत के दो अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया, चौहान और परते को। इंदौर संभागायुक्त मालसिंह चौहान ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अमित चौहान को निलंबित किया था। इसके बाद गुरूवार को थाना कोतवाली के सब इंस्पेक्टर सुषा परते को निलंबित किया गया है। इस मामले में खंडवा के प्रभारी एसपी ने कार्रवाई की है। गैसकांड में दो जनहानि हुई है। आरोपी राजेश पंवार की पत्नी माधुरी व बेटे दीपक की जान गई है।

## झोपड़ी में घुसकर जंगली सूअर ने दो मासूम बच्चों पर किया हमला



**खरगोन।** जनपद के ग्राम अकावल्या स्थित खेत पर काम कर रहे एक मजदूर परिवार के होश उस वक्त उड़ गए जब झोपड़ी में अकेले सो रहे दो अबोध बच्चों पर एक जंगली सूअर ने अचानक हमला कर दिया। हमले से घायल हुए बच्चों की चीख सुन माता- पिता दौड़े ओर बच्चों को सुअर के जबड़े से बचाया। सूअर ने एक तीन माह ओर एक 6 वर्षीय बच्चे को बुरी तरह नोच दिया जिन्हें जख्मी हालत में जिला अस्पताल लाया गया है। अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार स्वयं के हमले से 6 वर्षीय कार्तिक ओर 3 माह के राज के गाल पर गहरे घाव हुए हैं, जिनका प्राथमिक उपचार के बाद आईसीयू में भर्ती किया गया है। बच्चो के पिता मयाराम नेबताया हादसे के समय झोपड़ी के पास ही काम कर रहे थे। स्वयं कब घर में घुस गया उन्हें नजर नहीं आया।

---

## दो महीने पहले हुई बेटे की मौत को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे परिजन



**खरगोन।** जिले के महेश्वर थानाक्षेत्र में करीब दो माह पहले सड़क किनारे मिले युवक के शव के मामले में गुरुवार को नया मोड़ आया है। महेश्वर थाना पुलिस की जांच से असंतुष्ट परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां परिजनों ने पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन देते हुए बेटे की हत्या की आशंका जताई और एसपी से मामले में जांच की मांग की है। परिजनों ने पांच लोगों पर संदेह जताया है। मृतक के पिता मोहन वर्मा ने कहा कि उनके बेटे नरेंद्र का शव 9 अक्टूबर 2023 को गांव से करीब 6 किमी दूर सड़क किनारे सुनसान इलाके में एक खेत के समीप संदिग्ध परिस्थितियों मे मिला था। मामले में महेश्वर पुलिस को गांव के ही कुछ लोगों पर रंजिश के चलते हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी।परंतु पुलिस द्वारा कोई जांच नहीं कि गई परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस इसे सड़क दुर्घटना बताकर जांच से बच रही है। नतीजतन उन्हें एसपी से मदद की गुहार लगानी पड़ी है।

## रेलवे डीआरएम ने किया हरदा-खिरकिया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**हरदा।** गुरुवार सुबह भोपाल मंडल के डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने हरदा व खिरकिया स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान खिरकिया में नगर पंचायत अध्यक्ष व नगर विकास समिति के सदस्यों ने स्टेशन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान नगर परिषद की अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह खनूजा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही नगर विकास समिति के सदस्यों ने खिरकिया मंडी में आने वाले किसानों को उनकी उपज का दाम अधिक मिले इसके चलते यहां पर रैक पाइंट बनाने के साथ ट्रेनों के स्टॉपेज व यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# जिला अस्पताल में तीन महीने तक रहेंगे इलाज और मैनेजमेंट संबंधी सीखेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



जिला चिकित्सालय को 12 नए डॉक्टर मिले हैं। अरविंदो इंडेक्स व एमजीएम कॉलेज इंदौर से पीजी की पढ़ाई करने वाले ये डॉक्टर यहां पर तीन महीनों तक सेवाएं देंगे। साथ ही हेल्थ व अस्पताल प्रबंधन व्यवस्थाओं को लेकर पढ़ाई करेंगे।

सिविल सर्जन डॉक्टर अमर सिंह चौहान का मानना है कि जिला अस्पताल में व्यवस्था में राहत मिलेगी। यह स्टूडेंट तीन माह तक सरकारी अस्पताल में चिकित्सा व मैनेजमेंट संबंधी कामकाज भी सीखेंगे। इंडियन मेडिकल काउंसिल ने मेडिकल की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को सेकंड वन थर्ड ईयर के दौरान तीन माह सरकारी जिला अस्पताल में कामकाज करने की शर्त निर्धारित की है। इसी के तहत गुरुवार को महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज इंदौर, अरविंदो अस्पताल एवं मैनेजमेंट सेंटर इंदौर व इंडेक्स कॉलेज इंदौर से अलग-अलग सब्जेक्ट में पीजी कोर्स कर रहे 12 डॉक्टरों की टीम यहां आई है। उन्होंने सिविल सर्जन के यहां विभागीय प्रक्रिया पूरी की।

**12 फर्स्ट और सेकेंड क्लास डॉक्टरों की कमी**

खरगोन जिला अस्पताल में फर्स्ट क्लास 6 व सेकेंड क्लास 6 डॉक्टरों की कमी है। मेटरनिटी, मन कक्ष, शिशु वार्ड में स्टाफ की कमी बनी हुई है। सिविल सर्जन का कहना है कि जहां कमी है वहां व्यवस्था देखने के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। शासन स्तर पर स्टाइपेंड एवं अन्य सुविधाएं शासन स्तर पर उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी।

---

# बारह ज्योर्तिलिंग की स्थापना में उमड़ा पूरा गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



संपूर्ण भारतवर्ष में निशुल्क रूप से 51108 नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना करने का मां नर्मदा के तट पर भोले बाबा के चरणों में संकल्प के तहत युवा संत विभुजी शर्मा गांव-गांव में नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना कर ग्रामीण व आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भगवान शिव के प्रति लोगों में आस्था जागृत कर रहे हैं। विभुजी द्वारा खंडवा जिले के ग्राम आरुद में विधि विधान मंत्रोच्चार एवं हवन पूजन के साथ बारह ज्योतिर्लिंग की स्थापना की गई। संकल्प के अनुसार उन्होंने 10050 शिव लिंग मां नर्मदा की गोद से लाकर गांव-गांव मे स्थापित किए है और स्थापना का यह दौर निरंतर जारी है। युवा विभु शर्मा द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार शिवलिंग स्थापना का यह कार्य संपूर्ण भारतवर्ष में निशुल्क रूप से किया जा रहा है।

ग्राम आरुद में 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना के साथ 10050 शिवलिंग की स्थापना की जा चुकी है। गुरुदेव द्वारा आरूद में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हवन पूजन के साथ ज्योतिर्लिंग की स्थापना की गई। इस दौरान उनका ग्रामीणजनों द्वारा स्वागत व सम्मान किया। शिवलिंग स्थापना का क्रम निरंतर जारी है। विभुजी शर्मा ने बताया कि गांव के मुक्तिधाम पर भी एक शिव लिंग स्थापित किया गया है। इस शिवलिंग पर सतत जलधारा बहती है। इस कारण इसे देवझिरी महाकाल का नाम दिया है। शेष शिवलिंग का नाम भी द्वादश ज्योतिलिंगो के नाम पर किया गया है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि भोलेनाथ के प्रति आस्था को लेकर गुरुदेव विभु जी शर्मा द्वारा शिवरात्री पर अभिमंत्रित लाखों रुदाक्षो का वितरण निशुल्क किया जाएगा यह आयोजन राजाराम सरकार आश्रम भण्डलेन, तहसील झिरनिया जिला खरगोन में आयोजित होगा। शिव भक्तों द्वारा रुद्राक्ष गुरुदेव को सौंपे जाएंगे।

ग्राम आरुद में आयोजित शिव लिंग स्थापना के कार्यक्रम में पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में शामिल हुआ। हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जय घोष के साथ यह स्थापना की गई। ज्योतिर्लिंग स्थापना के अवसर पर ग्राम के पूनम बराडे, रामा काका सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मेघनाथ, कुंभकर्ण और रावण वध के बाद अयोध्या में भगवान राम का हुआ राज तिलक

**हरदा।** बालागांव में अंतिम दिवस रामलीला मंडल के युवाओं द्वारा लक्ष्मण शक्ति मेघनाथ संवाद का रोचक संवाद दिखलाया जाएगा। कलाकारों द्वारा रामलीला में रामचरित मानस के आधारित पर अपनी कला का प्रदर्शन किया।



भगवान ने अंगद को अपना शांति दूत बनाकर लंका भेजा। उधर रावण ने कोई बात नहीं मानी और फिर युद्ध हुआ। लंका के राजा रावण को अपने भाई विभिषण दारा समझाई दी जाती है की भैया मां सीता जगत जननी अवतार है मां को भगवान राम को लौटा दो। इस बात से क्रोधित होकर रावण में विभीषण को महल से बाहर निकाल दिया। राक्षसों के साथ रावण कुंभकरण मेघनाथ का वध करके और विभीषण का राजतिलक करके माता सीता को अपने साथ अयोध्या ले आए। यहां पुनःभगवान श्री रामचंद्र का चारों भाई के साथ अभिषेक किया गया। फिर पुन.भगवान ने अयोध्या का राज किया। राजू गोस्वमी और जनपद उपाध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा द्वारा 11-11 हजार रूपये की राशि रामलीला मंडल को दी।

---

# बीज रूप में परमात्मा सभी जीवों में उपस्थित हैं : चेतना भारती

## संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण का आज विश्राम दिवस

**रहटगांव।** ग्राम पोखरनी में चल रही संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण का आज विश्राम दिवस है। यह पंचदिवसीय आयोजन ग्राम के वरिष्ठ कांताप्रसाद दोगने तथा उनके सुपुत्र भगवान दास दोगने के द्वारा आयोजित किया गया है। आज पूर्णाहुति दिवस पर महाप्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन भी रखा गया है।



चेतना भारती ने कहा की स्थूल शरीर के भीतर एक और सूक्ष्म शरीर है तथा इन्ही दोनो आवरणों के बीच में कारण शरीर में बीज रूप में परमात्मा सभी जीवों में विराजमान है जो सत्य, चित्त और आनंद स्वरूप है। माया के वशीभूत होकर जीव स्वयं का विस्मरण कर देता है और 84 लाख योनियों में भ्रम वश भटकता है जबकि निज स्वरूप को पहचानकर ब्रम्हमय होना तथा परम आनंद स्वरूप परमात्मा की प्राप्ति करना ही जीव का एकमात्र लक्ष्य है। जैसे सरिता सागर की तरफ स्वतः ही बहती है ठीक वैसे ही जीव भी आनंद का अंश होने के कारण स्वतः ही आनंद और प्रकाश की तरफ प्रवाहित होता है, अंतर बस इतना है की भ्रम में पड़कर जीवन में गुरु की उपस्थिति नही होने से क्षणभंगुर सांसारिक सुखों में ही लिप्त रहता है। संतो के अवतरण का यही उद्देश्य है की इस दुखमयी ओर क्षणिक सुखों के अलावा भी एक जगत है जो अपना है, जहा नित्य आनंद है, स्वयं का स्वरूप है। जीव को तब तक बार बार संसार में फेका जायेगा जब तक की यह बुद्ध, कबीर, सिंगाजी महाराज की तरह स्वयं को पहचान न ले।

जगह-जगह आरती उतार कर किया अक्षत कलश यात्रा का स्वागत

# अक्षत कलश यात्रा में आस्था का उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिराली

गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में राम जन्मभूमि अयोध्या से आए सिद्ध अभिमंत्रित अक्षत कलश के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा बड़ा हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई और नगर के मुख्य मार्गो से होकर श्री तिलभांडेश्वर शंकर मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान अक्षत कलश पर धर्म प्रेमियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की। शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी श्री राम जय राम जय जय राम के मंत्र के साथ जयकारे लगाते चल रहे थे।



शोभा यात्रा के दौरान भगवान श्री राम माता सीता लक्ष्मण एवं हनुमान जी के स्वरूप को रथ में बिठाकर निकाला गया। कलश यात्रा नगर के श्री तिलभांडेश्वर शंकर मंदिर पहुंची। जहां संबोधित करते हुए खंड संचालक संतोष गौर ने कहा सन- 1526 में बाबर द्वारा राम मंदिर को तोड़ा गया तब से जन जागरण के कार्यक्रम हुए समाज ने बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी कार सेवा हुई और ढांचे को गिराया गया। बरसों तक लड़ाई लड़ने के बाद में सत्य और धर्म के पक्ष में फैसला आया और राम मंदिर बनकर तैयार हो गया। 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होना है इसके लिए 25 राज्यों के 800 जिलों में अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। अभिमंत्रित किए गए कलशो में यह यात्रा सिराली खंड के 10 मंडलों में जाएगी। धर्म जागरण मंच विभाग संयोजक श्याम शर्मा ने ही संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबर ने 40 हजार मंदिरों को नष्ट किया और 6 दिसंबर 1992 को कार सेवा चालू हुई और ढांचे को गिरा दिया गया। इसके बाद कानूनी लड़ाई लड़ते हुए हमने 25 हजार सबूत पेश किए। यात्रा के समापन अवसर पर मंडलवार अक्षत कलशो की जिम्मेदारी सौंपी गई। अक्षत



कलशो की आरती की गई एवं प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कई कार्यकर्ता एवं धर्म प्रेमी जनता उपस्थिति रही।

**शामिल हुए पूर्व विधायक**

पूर्व विधायक संजय शाह शोभा यात्रा में अक्षत कलश लेकर शामिल हुए एवं गांधी चौक पर पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। उनकी पत्नी शैलजा शाह ने भी शोभा यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष अनीता कैलाश चंद्र अग्रवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष जगदीश सोलंकी, मंडल अध्यक्ष मनीष मागूले सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।